राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर के प्रशासकीय परिषद की **13वीं बैठक दिनांक 05.01.2021 को अपराह्न 01.00 बजे** वीडियो कान्फ्रेसिंग (जूम ऐप) के माध्यम से बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :–**

| क्र०सं० | सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01. | श्री पर्वत सिंह यादव, अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकरनगर। | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो० विनय कुमार पाठक, कुलपति, डॉ० ए०पी०जे०अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 03. | श्री कृपा शंकर सिंह, संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | प्रतिनिधि,उपाध्यक्ष |
| 04. | प्रो० राजीव त्रिपाठी, निदेशक, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 05. | प्रो० जे० पी० पाण्डेय, कुलपति, एम०एम०एम०यू०टी०, गोरखपुर। | सदस्य |
| 06. | प्रो० एम० एम० गोरे, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 07. | प्रो० आर० पी० पयासी, इलेक्ट्रिकल इंजी० विभाग, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 08. | प्रो० आर० एस० यादव, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 09. | श्री अरुण कृष्ण, जनरल मैनेजर, एच०एल० कोरवा, अमेठी | सदस्य |
| 10. | डॉ० राजीव, एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विज्ञान विभाग, आई० आई० टी०, बी० एच० यू०, वाराणसी। | सदस्य |
| 11. | श्री नीरज श्रीवास्तव, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेशन, अयोध्या मण्डल, फैजाबाद, अयोध्या। | प्रतिनिधि सदस्य सचिव, वित्त विभाग उ०प्र० शासन |
| 12. | प्रो० राजीव त्रिपाठी, निदेशक, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 13. | श्री नितिन कुमार गुप्ता, अनुसचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 14. | श्री संजय तिवारी, अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 15. | डॉ० अनिल कुमार, राज्य परियोजना सलाहकार (TEQIP-III) लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 16. | श्री अभिषेक वर्मा, वित्त एवं लेखाधिकारी, रा०इं०का०, अम्बेडकर नगर। | विशेष आमंत्री |
| 17. | प्रो० विशाल सिंह चंदेल, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। | सदस्य सचिव / का०निदेशक |

**अपरिहार्य कारणों वश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | डॉ० अभय करन्डीकर, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 02. | प्रो० राम अवध मिश्र, इलेक्ट्रानिक्स इंजी० विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 03. | श्री मनोज कुमार, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, विकास नगर, कानपुर। | सदस्य |

सर्व प्रथम सदस्य सचिव / का० निदेशक द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव / का० निदेशक संस्थान द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**13:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 18.09.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 18.09.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया। माननीय सदस्यों से कार्यवृत्त के अभिलेखन पर कोई टिप्पणी नहीं प्राप्त हुई। अनुमोदित कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त उक्त कार्य वृत्त पर पुष्टीकरण किया गया।

**13:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 18.09.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद, प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 18.09.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक के बिन्दुसं० 12:05 के सन्दर्भ में निर्णय के क्रम में डा० अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा दिनाँकः 19.12.2020 को पूर्वाह्न में खाली कर दिये जाने तथा आवास एवं विद्युत के अवशेष बकाया शुल्क के भुगतान हेतु समिति के गठन से अवगत होते हुए उन्हें भुगतान किये जाने वाले अवशेष देयको मे से उक्त बकाया धनराशि को समायोजित करने के उपरान्त ही अवशेष धनराशि भुगतानित किये जाने के निर्देश दिये गये। बिन्दु सं० 12:08 के सन्दर्भ में डा० अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा दायर रिट याचिका सं० 14013 आफ 2020 के प्रभावी पैरवी हेतु मा० उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डा० एल०पी० मिश्र एवं श्री शुभम त्रिपाठी को आबद्ध किये जाने से भी परिषद अवगत हुई।

बिन्दु सं० 12:15 के क्रम में परिषद, समितियों की आख्या तथा संस्थान निदेशक एवं वित्त एवं लेखाधिकारी के द्वारा समितियों की आख्याओं पर लगायी गयी रिपोर्ट से अवगत होते हुए सेमिनार हाल की साज–सज्जा हेतु आवश्यक व्यय को अन्तिम भुगतान M.B.(Measurment Book) के आधार पर करने का निर्देश दिया।

Sha

**13:03 प्रशासकीय परिषद की सम्पन्न नौवीं बैठक के बाद संस्थान के विकास कार्यों एवं शैक्षिक कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद नौवीं बैठक के बाद संस्थान के विकास कार्यों, शैक्षिक कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया–कलापों से अवगत हुई तथा यह निर्देश दिये गये कि निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए उसे निर्धारित समय तक पूर्ण कराये जाय, छात्रों के प्लेसमेन्ट निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के उपरान्त PCR, M.B. के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय, प्लेसमेन्ट बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने एवं स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को TEQIP-III फन्ड से कराये जाने का निर्देश दिये गये।

**13:04 संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को GeM से लिये जाने की सूचना एवं अनुमोदन।**

परिषद संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को GeM के माध्यम से M/s. RMS TECHNOSOLUTIONS (INDIA) PRIVATE LIMITED, LUCKNOW से लिए जाने से अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**13:05 चार्टेड एकाउन्टेन्ट की सेवाओं हेतु अनुबद्ध CA की सूचना एवं अनुमोदन।**

परिषद ने न्यूनतम दर के चार्टेड एकाउन्टेन्ट M/s. Ashish Mishra & Associates-40 2nd Floor, Goal Market Mahanagar, Lucknow को कार्यादेश दिये जाने से अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**13:06 पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति की सूचना एवं अनुमोदन।**

परिषद ने पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई तथा थर्ड पार्टी से भौतिक सत्यापन एवं आडिट कराये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही परिषद द्वारा निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूचना के लिए भविष्य में निर्माणाधीन भवनों के फोटोग्राफ चस्पा करने का सुझाव दिया गया।

**13:07 TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों, साफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति की सूचना एवं अनुमोदन।**

परिषद TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों, साफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति की सूचना से अवगत होते हुए TEQIP-III से क्रय प्रक्रिया को TEQIP-III Financial Manual में वर्णित व्यवस्था के आधार पर करने का अनुमोदन प्रदान किया तथा यह सुनिश्चित करने हेतु निदेशक को निर्देशित किया कि क्रय किए जाने वाले उपकरणों की द्विरावृत्ति न हो तथा उपकरणों आदि के भौतिक सत्यापन किए जाने सम्बन्धी आख्या आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाय।

Sha

**13:08 संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों को मानदेय में वृद्धि किये जाने का अनुमोदन।**

परिषद द्वारा उक्त प्रकरण को आगामी वित्त समिति के अनुमोदनोपरान्त परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

**13:09 कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये निर्देशों के क्रम में संस्थान द्वारा पूर्व निर्धारित ग्रीष्मावकाश में संशोधन का अनुमोदन।**

परिषद कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये निर्देशों के क्रम में संस्थान द्वारा पूर्व निर्धारित ग्रीष्मावकाश में संशोधन से अवगत होते हुए संस्थान के बायलाज में वर्णित व्यवस्थानुसार अग्रतर कार्यवाही कार्य करने के निर्देश दिये गये।

**13:10 संस्थान के पूर्व निदेशक, डा० अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा योजित रिट याचिका संख्या 18182/2020 की सूचना।**

परिषद संस्थान के पूर्व निदेशक, डा० अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा योजित रिट याचिका संख्या 18182/2020 से अवगत होते हुए मा० उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डा० एल०पी० मिश्र एवं श्री शुभम त्रिपाठी को आबद्ध किये जाने से अवगत होते हुए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13:11 वाह्य सेवाप्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के माह सितम्बर–2020 से दिसम्बर–2020 के वेतन भुगतान के सम्बन्ध में।**

परिषद ने वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के माह सितम्बर–2020 से 27 दिसम्बर, 2020 के वेतन भुगतान को, पूर्व वाह्य सेवा प्रदाता एजेन्सी को पूर्व शर्तों के अनुसार ही किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया तथा यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि भविष्य मे शासन के स्थापित दिशा–निर्देशों के अनुसार ही कार्यवाही की जाय।

**13:12 संस्थान द्वारा पूर्व में निर्गत विज्ञापन संख्याः 01/Advt./REC/ 2016, दिनांकः 22.10.202016, विज्ञापन संख्याः 02/Advt./REC/ 2017, दिनांकः 12.05.2017 एवं विज्ञापन संख्याः 03/Advt. /REC/ 2018, दिनांकः 27.08.2018 के द्वारा विज्ञापित शैक्षणिक/गैर शैक्षिकपदों का विज्ञापन निरस्त किये जाने का औपचारिक अनुमोदन।**

परिषद ने उक्त विज्ञापनों को निरस्त करने एवं अभ्यर्थियों के शुल्क वापसी हेतु निम्न बिन्दुओं के आधार पर अनुमोदन प्रदान करते हुए नये विज्ञापन स्थापित दिशा–निर्देशों के अनुसार शीघ्रातिशीघ्र प्रकाशित कराने हेतु यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गयेः–

Sha

**क**–प्रशासकीय परिषद की दिनाँकः 08/01/2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक में प्राप्त निर्देशों, AICTE द्वारा निर्धारित नये मानक (छात्र शिक्षक अनुपात 20:01) के अनुसार रिक्त पदों पर भर्तियाँ करने।

**ख**–कार्मिक विभाग के पत्र संख्याः 27795/20/16–1001(009)/2/2020 दिनाँकः 10.09. 2020 द्वारा जारी 100 प्वाइन्ट रोस्टर के कारण पदों के आरक्षण में बदलाव के कारण।

**ग**–शैक्षणिक/गैर शैक्षिक पदों का विज्ञापन दो वर्ष से अधिक व्यतीत होने के कारण।

**13:13 पुस्तकालय TEQIP-III से पुस्तकों के क्रय का प्रकरण।**

परिषद प्रकरण से अवगत हुई एवं अनियमित रूप से पुस्तकों के क्रय किये जाने हेतु उत्तरदायित्व निर्धारण हेतु व इसकी वसूली सम्बन्धित से कराने की प्रक्रिया निर्धारित करने हेतु बाह्य सदस्यों की एक समिति गठित किये जाने एवं फर्म द्वारा गलत बिल प्रस्तुत करने हेतु फर्म से उचित पत्राचार करने व अनियमित रूप से प्रेषित पुस्तकों को फर्म को नियमानुसार वापस करने हेतु निर्देश दिये गये।

**13:14 डा० सुधाकर त्रिपाठी, सह आचार्य, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापन के सम्बन्ध में।**

परिषद डा० सुधाकर त्रिपाठी, सह आचार्य, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापन से पूर्णतः अवगत हुई। पूर्व निदेशक पर लगाये गये व्यक्तिगत आरोपों के लिए की गयी टिप्पणी के सम्बन्ध में प्रेषित स्पष्टीकरण को अनुशासनहीनता मानते हुए निदेशक को सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सूचित करने के निर्देश दिये गये।

**13:15 संस्थान के शिक्षकों के अध्ययन अवकाश की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**13:16 विद्या वाचस्पति (Ph.D.) छात्रों की फीस निर्धारण के सम्बन्ध में।**

परिषद ने उक्त प्रकरण को आगामी वित्त समिति के अनुमोदनोपरान्त परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

**13:17 प्रशासकीय परिषद द्वारा सदस्यों के नामांकन का अनुमोदन।**

परिषद ने प्रो० विशाल सिंह चन्देल, विभागाध्यक्ष, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग को नामित करते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**13:18 निदेशक पद हेतु प्राप्त आवेदनों के लिये स्क्रूटनी कमेटी एवं चयन समिति गठन के सम्बन्ध में।**

(A) परिषद ने निदेशक पद हेतु प्राप्त अभ्यर्थियों के आवेदनों के परीक्षण/स्क्रूटनी कमेटी हेतु निम्न नामों पर अनुमोदन प्रदान किया :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. प्रो०विशाल सिंह चन्देल | रा०इं०का०, अम्बेडकरनगर | अध्यक्ष/का०निदेशक |
| 02. प्रो0 सुनील कुमार सिन्हा | के०एन०आई०टी०, सुलतानपुर | वाह्य सदस्य |
| 03. प्रो० सुनील कुमार श्रीवास्तव | एम०एम०एम०यू०टी०, गोरखपुर | वाह्य सदस्य |

(B) परिषद ने निदेशक चयन हेतु, ए0आई0सी0टी0ई0 की नयी गाइडलाइन्स के अनुसार चयन समिति गठित किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**13:19 संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 25.08.2020 को सम्पन्न दसवीं बैठक के कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

परिषद द्वारा संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 25.08.2020 को सम्पन्न दसवीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुयी एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान करते हुए स्थापित नियमों के अर्न्तगत ही नियमानुसार क्रय प्रक्रिया का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

**13:20 अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

कोई भी अन्य प्रस्ताव न होने के कारण सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

**(प्रो0 विशाल सिंह चन्देल)**
सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकरनगर।

Rajkiya Engineering College
Director
Ambedkar Nagar, (U.P.)

**(एस०राधा चौहान, आई०ए०एस०)**
अपरमुख्य सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन,
लखनऊ।
एवं
उपाध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकरनगर।

उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर

**(पर्वत सिंह यादव)**
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकरनगर।

(पर्वत सिंह यादव)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
अम्बेडकरनगर